उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार–249404

संख्याः– 193/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 दिनांक : 21 जून, 2024

विज्ञप्ति

असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के अन्तर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान (**BOTANY**) विषय हेतु विज्ञप्ति संख्या–307/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021, दिनांक 04 मार्च, 2024 द्वारा ए0पी0आई0 मेरिट के आधार पर श्रेणीवार/उपश्रेणीवार संशोधित कट ऑफ सूची जारी की गयी थी। उक्त संशोधित कट ऑफ सूची में ए0पी0आई0 स्कोर के आधार पर अनुसूचित जाति श्रेणी की संशोधित कट ऑफ 52 अंक तथा अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी की संशोधित कट ऑफ 77 अंक निर्धारित है। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के कतिपय अभ्यर्थी उक्त निर्धारित संशोधित कट ऑफ में त्रुटिवश छूट जाने के कारण संशोधित कट ऑफ में सम्मिलित नही किये जा सके थे। मा0 आयोग द्वारा उक्त अभ्यर्थियों को केवल एक बार के लिए मेरिट के आधार पर संशोधित कट ऑफ में औपबन्धिक रूप से शार्टलिस्ट किया गया है।

उक्त शार्टलिस्ट अभ्यर्थियों की सूची विज्ञप्ति/शुद्धिपत्र के माध्यम से आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर प्रसारित की गयी है। शार्टलिस्ट अभ्यर्थियों को साक्ष्यों सहित ऑनलाईन आवेदन में किये गये समस्त दावों हेतु आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए नियमानुसार 15 दिन, **दिनांक 08 जुलाई, 2024 (सोमवार) सांय 06:00 बजे** तक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है, तद्पश्चात् अभ्यर्थियों के प्राप्त किसी भी प्रत्यावेदन/प्रमाण–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

-Sd/

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।